
## सेवाओं का समन्वय
सीरीज-संस्करण 2.0

### इस हाई इम्पैक्ट एप्रोच का उपयोग क्यों करें?

# शहरी स्तर पर सभी उपयुक्त विभागों की सेवाओं का समन्वय सुगम बनाना

**संबंधित विभागों के बीच समन्वय के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा सकता है की शहरी स्तर पर परिवार नियोजन और अन्य मातृ, नवजात और बाल स्वास्थ्य (एम.एन.सी.एच) सेवाओं के एकीकरण को सुविधाजनक बनाया जा सके। सभी विभागों के सामुदायिक स्तर के कार्यकर्ताओं को यह समझाना आवश्यक है कि उनकी साझी जिम्मेदारियां उनको मिल जुल कर गतिविधियों को करने और एक दूसरे की सहायता करने का अवसर प्रदान करती हैं।**



**पहला चरण**

### सिटी हेल्थ कोऑर्डिनेशन कमेटी (सी.सी.सी) का गठन और सक्रियता


अर्बन हेल्थ स्टेकहोल्डर्स (स्वास्थ्य विभाग, आई.सी.डी.एस., आजीविका मिशन, शिक्षा, स्थानीय निकाय -जैसे नगर निगम/नगर पंचायत, फोग्सी, निजी सेवा प्रदाता, आई.एम.ए. और सहयोगी संस्थाएं) के साथ, सी.सी.सी का गठन करें तथा सी.सी.सी बैठकों का नियमित आयोजन करें। इन बैठकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की मांग और उपयोग बढाने के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा दें।



**दूसरा चरण**

### परिवार नियोजन पर सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और डूडा कार्यकर्ताओं सहित परिवार नियोजन और जेंडर समावेशन पर बुनियादी प्रशिक्षण के माध्यम से सभी सामुदायिक स्तर के कार्यकर्ताओं को उन्मुख करें। सुनिश्चित करें कि प्रशिक्षित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और अन्य सामुदायिक कार्यकर्ता महिलाओं, बच्चों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य के लिए परिवार नियोजन के लाभों को अच्छी तरह से समझे।



**तीसरा चरण**

### एकीकृत परिवार नियोजन और एम.एन.सी.एच सेवाओं का एक संयोजन प्रदान करें


सुनिश्चित करें, जब चेक-अप और पूरक पोषण के लिए गर्भवती महिला आंगनवाड़ी में आती हैं तब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उन्हें परिवार नियोजन के बारे में परामर्श दे और आशा गर्भवती महिलाओं को आंगनवाड़ी से पूरक पोषण लेने की सलाह दे।



**चौथा चरण**

### महिला आरोग्य समिति के गठन में सहायता करें

अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को महिला आरोग्य समिति बनाने, उनकी सदस्यता लेने और नेतृत्व भूमिकाओं के माध्यम से मौजूदा महिला समूहों को मजबूत और प्रोत्साहित करें। साथ ही जहां कोई महिला समूह नहीं हैं वहाँ पर डूडा लिंक कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा को महिला आरोग्य समिति बनाने में मदद करें।



**पांचवां चरण**

### समूह बैठकों का लाभ उठायें

फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं को महिला आरोग्य समिति के साथ संयुक्त बैठकें आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करें। महिला आरोग्य समिति का उपयोग दम्पति को परिवार नियोजन और मातृ स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करने और इन सेवाओं की मांग बढ़ने के लिए के लिए करें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियमित यू.एच.एन.डी सत्रों के दौरान परिवार नियोजन और आंगनवाड़ी में माताओं के समूह की बैठकों में पोषण पर जानकारी दे।

टी सी आई इंडिया के इस दृष्टिकोण को वैश्विक उच्च प्रभाव अभ्यास के तहत मैप किया गया है।
अधिक जानकारी के लिये देखें:
https://tciurbanhealth.org/lessons/convergence-of-services/